## बिहार सरकार
## गन्ना उद्योग विभाग

का०आ० संख्या–स्था०क्षे०–512 / 2025– पटना, दिनांक दिसम्बर, 2025

**कार्यालय आदेश**

कृषि विभाग के अधिसूचना संख्या–4140 दिनांक–04.09.2025 क्रमांक–199 द्वारा बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि–01 (शष्य) के पदाधिकारी श्री रितेश कुमार दिवाकर की सेवा गन्ना उद्योग विभाग को सौंपी गयी। जिला कृषि पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर के कार्यालय आदेश संख्या–427 दिनांक–06.09.2025 के द्वारा श्री रितेश कुमार दिवाकर, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष को दिनांक–06.09.2025 के अपराह्न से विरमित किया गया है। श्री दिवाकर द्वारा गन्ना उद्योग विभाग में दिनांक–08.09.2025 के पूर्वाह्न में अपना योगदान समर्पित किया गया।

विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–1525 दिनांक–06.10.2025 के क्रमांक–7 द्वारा श्री रितेश कुमार दिवाकर को ईख प्रसार पदाधिकारी कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी के पर पदस्थापित किया गया।

वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 के आलोक में श्री रितेश कुमार दिवाकर, ईख प्रसार पदाधिकारी कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी का दिनांक–08.09.2025 से 06.10.2025 तक कुल 29 (उनतीस) दिनों का पदस्थापन की अनिवार्य प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि के रूप में विनियमन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. प्रस्ताव पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना की सहमति तथा प्रधान सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

ह० / –
**(अरूण कुमार)**
**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01 / स्था०राज–512 / 2025– / पटना, दिनांक– दिसम्बर, 2025**

प्रतिलिपि– कोषागार पदाधिकारी, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01 / स्था०राज–512 / 2025–1876 / पटना, दिनांक–03 दिसम्बर, 2025**

प्रतिलिपि–वित्त (वै०दा०वि०को०) विभाग, बिहार, पटना / विभागीय लेखा शाखा / सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी / श्री रितेश कुमार दिवाकर, ईख प्रसार पदाधिकारी कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी / श्रीमती शालीनता रानी, आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**अवर सचिव।**



Rajesh Ji Letter